नवभारत

# मालदीव के इंफ्रा मंत्री ने देखा बुलेट ट्रेन का काम

## देश की पहली अंडर सी टनेल का निर्माण

■ **मुंबई,** नवभारत न्यूज नेटवर्क. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना का काम तेज से जारी है. इस प्रोजेक्ट के तहत भारत की पहली अंडर सी टनेल बनाई जा रही है. नेशनल हाई-स्पीड रेल के सी-2 पैकेज के तहत बुलेट ट्रेन के लिए बीकेसी से ठाणे के शिलफाटा तक 21 किमी लम्बी सुरंग का निर्माण अफकॉन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर द्वारा किया जा रहा है. इंजीनियरिंग के इस अनूठे प्रोजेक्ट को देखने के लिए मालदीव के कंस्ट्रक्शन और इन्फ्रास्ट्रक्चर मंत्री डॉ. अब्दुल्ला मुथालिब के नेतृत्व में उनके मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया. राष्ट्रीय हाई स्पीड रेल कॉरपोरेशन के मुख्य परियोजना प्रबंधक उदय प्रकाश सिंह और परियोजना निदेशक सुनील त्यागी के साथ अफकॉन्स टीम ने उन्हें निर्माण की बारीकियों से अवगत कराया.

**मालदीव के इंफ्रा विकास में सहयोग :** मालदीव के मंत्री डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कि वे भारत के सहयोग से मालदीव में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास करना चाहते हैं. उनके साथ निर्माण एवं अवसंरचना राज्य मंत्री इस्माइल हमीद एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे. मालदीव में भारत के उच्चायुक्त मुनु महावर के अनुसार, इस यात्रा का उदेश्य नई इंफ्रा तकनीक के ज्ञान का आदान-प्रदान करना है. अफकॉन्स भारत की एक प्रमुख वैश्विक इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी है. कंपनी बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट के 21 किमी लंबी सुरंग निर्माण में शामिल है, जिसमें भारत की पहली अंडरसी हाई स्पीड रेल सुरंग (7 किमी) भी शामिल है.

AICTE
All India Council For Technical Education

Mumbai Edition Edition
Sep 14, 2024 Page No. 9
Powered by: navbharatlive.com